POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 09.09.2024

हत्या के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त थाना अतरसुइया पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी बरामद

थाना अतरसुइया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0- 44/2024 धारा 103(1)/238 बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित 02 अभियुक्त 1. आदित्य मालवीय पुत्र प्रेमशंकर मालवीय नि0 78ए/81ए खुशहाल पर्वत चौकी क्षेत्र कल्याणी देवी थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज, स्थाई पता ग्राम गडरा थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज व 2. आकाश उर्फ कल्लू पुत्र स्व0 प्रकाश चन्द्र मालवीय नि0 ग्राम गडरा थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 09.09.2024 को मुखबिर की सूचना पर कल्याणी देवी पार्क के पीछे आर्य समाज मंदिर के पास थाना क्षेत्र अतरसुइया से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी (रजि0नं0- UP70 FS 2510) बरामद की गयी। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

विदित हो कि दिनांक 21.08.2024 को रानीमण्डी कूड़ा घर थाना क्षेत्र अतरसुइया के पास से 01 अज्ञात व्यक्ति के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुयी थी, जिसकी शिनाख्त मृतक अभिषेक कुशवाहा के रूप में हुयी। मृतक के पिता की लिखित तहरीर पर थाना अतरसुइया पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मु0अ0सं0- 44/2024 धारा 103(1)/238 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 21.08.2024 को रात्रि में हम लोग मृतक अभिषेक कुशवाहा को अपने साथ दुर्गा पूजा पार्क रानी मन्डी से स्कूटी पर बैठाकर ले गये थे। स्कूटी को खुशहाल पर्वत के पास खड़ी कर हम लोग अभिषेक कुशवाहा को अपनी कार में बैठाकर अपने गाँव गड़रा थाना क्षेत्र घूरपुर अपने पैतृक खेतों के पास पहुँचे। वहीं पर कुछ देर बाद आकाश उर्फ कल्लू उपरोक्त का भाई आदित्य बास का डंडा लेकर आ गया। हम लोगों ने मृतक अभिषेक कुशवाहा से अपने पूर्व में उधार लिये पैसों को वापस मांगा। इसी बात को लेकर हमलोगों का मृतक अभिषेक कुशवाहा से विवाद शुरू हुआ तथा हमने बास के डंडे, हाथ व पैर से अभिषेक कुशवाहा को मारा पीटा। जब वो बेहोश होने लगा तो हम लोगों ने अभिषेक कुशवाहा को अपनी कार से ले जाकर रानीमंडी कूड़ाघर के पास लाकर अचेत अवस्था में कार से उतारकर फेंक दिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. आदित्य मालवीय पुत्र प्रेमशंकर मालवीय निवासी 78ए/81ए खुशहाल पर्वत चौकी क्षेत्र कल्याणी देवी थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज, स्थाई पता ग्राम गङरा थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 26 वर्ष
2. आकाश उर्फ कल्लू पुत्र स्व0 प्रकाश चन्द्र मालवीय निवासी ग्राम गङरा थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 25 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0- 44/2024 धारा 103(1)/238 बी0एन0एस0 थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त आदित्य मालवीय उपरोक्त-

A. मु0अ0सं0- 100/2023 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज।

B. मु0अ0सं0- 56/2023 धारा 323/336 भा0द0वि0 थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

बरामदगी का विवरण-

घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी (रजि0नं0- UP70 FS 2510)

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1.निरीक्षक संजय कुमार द्विवेदी, थाना प्रभारी अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज।

2.उ0नि0 हीरा लाल, चौकी प्रभारी मीरापुर, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज।

3.उ0नि0 दिनेश चन्द्र यादव, चौकी प्रभारी कल्याणी देवी, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज।

4.म0हे0का0 निर्मला गौतम, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज।

5.का0 दिलीप कुमार, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज।